# आईआईटी-आईआईएम में शुरू होंगे दो शॉर्ट टर्म कोर्स

**विद्यार्थियों को वैश्विक पहचान दिलाने का प्रयास**

**पढ़ाने के लिए विदेश से आएंगे शिक्षक**

इंदौर। नईदुनिया प्रतिनिधि

विद्यार्थियों को ग्लोबल एक्सपोजर (वैश्विक पहचान) दिलाए जाने को लेकर प्रदेश के आठ इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज व इंस्टिट्यूट में मानव संसाधन विकास मंत्रालय की जीयान (ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ एकेडमिक नेटवर्क्स) के तहत पढ़ाया जाएगा। इनमें इंदौर के तीन संस्थानों आईआईटी, आईआईएम और एसजीएसआईटीएस का चयन हुआ है। यहां दो-दो शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू किए जाएंगे। इसके लिए विदेश से फैकल्टी बुलवाकर विद्यार्थियों को पढ़ाने की शर्त रखी गई है।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मानव संस्थान मंत्रालय का जीयान बिलकुल नया प्रोग्राम है। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय वैज्ञानिकों और उद्यमियों की प्रतिभा का उपयोग करना है। प्रोग्राम के तहत अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों और व्याख्याताओं को भारतीय शिक्षा प्रणाली से जोड़ना है। इसके लिए मंत्रालय चुनिंदा इंस्टिट्यूट और कॉलेजों में ऐसे शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू करेगा जिससे विद्यार्थियों को भविष्य में लाभ मिले। मंत्रालय ने पांच मार्च से यह स्कीम लॉन्च कर दी है, जिसमें दिसंबर 2019 तक दो-तीन सप्ताह के कोर्स तैयार करना विद्यार्थियों को पढ़ाना है। प्रदेशभर में आठ संस्थानों को पहले चरण से जोड़ा गया है।




## ये हैं कोर्स

### आईआईटी इंदौर

**विदेशी फैकल्टी :** वेरातुंगा मालासेकर (यूके)
**कोर्स अवधि :** आठ से 12 अप्रैल तक

**वदेशी फैकल्टी :** अपूर्वा दत्ता, यूएसए
**कोर्स अवधि :** 27 मई से 7 जून तक

**विदेशी फैकल्टी :** अब्दुल मजीद मोहम्मद, कनाडा
**कोर्स अवधि :** 5 से 16 अगस्त तक

**विदेशी फैकल्टी :** क्रिश्चियन ओलिवर पस्सेरीट, जर्मनी
**कोर्स अवधि :** 3 से 7 नवंबर तक

### आईआईएम इंदौर

**विदेशी फैकल्टी :** लक्ष्मी सुंदरम अय्यर, यूएसए
**कोर्स अवधि :** 15 से 24 अप्रैल तक

### एसजीएसआईटीएस, इंदौर

**विदेशी फैकल्टी :** एम नतालिया, पुर्तगाल
**कोर्स अवधि :** 15 से 19 अप्रैल तक

### एसजीएसआईटीएस, इंदौर

**विदेशी फैकल्टी :** एलिजाबेथ टी, यूएसए
**कोर्स अवधि :** 13 से 17 मई तक

यंग इंदौर

पढ़े पेज 11

**Nai Dunia (Indore), 6th March 2019, Page-2**